## '' प्रस्तावित परियोजना को वन भूमि से ले जाने के औचित्य का प्रमाण पत्र

**कार्य का नाम :–** **जनपद देहरादून के विकासखण्ड सहसपुर में ग्राम पंचायत रिखौली के हल्दूवाला से ग्राम पंचायत–चौकी बिरावड़ी तक सेतु सहित मोटर मार्ग के निर्माण में आने वाली 1.0752 है0 वन भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण।**

इस कार्य की स्वीकृति प्रथम चरण के अन्तर्गत शासनादेश संख्या– 6969 / III(2) / 13–38 (प्रा0आ0) / 2013 दिनांक 14.12.13 के द्वारा 2.50 कि0मी0 लम्बाई तथा एक सेतु सहित रू0 16.31 लाख की प्राप्त हुई है।

यह मार्ग संतला देवी मोटर मार्ग पर स्थित हल्दूवाला ग्राम के पास से प्रारम्भ होकर नून नदी के दूसरी ओर स्थित चौकी बिरावड़ी ग्राम को जोड़ते हुए नंदा की चौकी–आमवाला मोटर मार्ग पर मिलता है। इस मार्ग के कि0मी0 1.00 में नून नदी पर मोटर सेतु का निर्माण किया जाना है। वर्तमान में इस स्थान पर आवागमन हेतु एक पैदल सेतु निर्मित है। वर्षा ऋतु में अधिक वर्षा होने के कारण पानी सेतु के ऊपर से ओवरफ्लो होने के कारण इस पुल से आवागमन अवरूद्ध हो जाता है, इस कारण चौकी बिरावड़ी की ओर से संतला देवी मन्दिर आने वाले श्रद्धालुओं तथा स्कूल आने जाने वाले बच्चों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग को नंदा की चौकी आमवाला मोटर मार्ग के मिलान स्थल में वन भूमि का उपयोग हुआहै। इसके अतिरिक्त अन्य कोई ऐसा विकल्प नही है, जिससे होकर उक्त मार्ग को नंदा की चौकी आमवाला मोटर मार्ग पर मिलाया जा सके।

इस मार्ग के निर्माण से स्थानीय जनता एवं संतला देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं तथा स्कूल आने जाने वाले बच्चों को होने वाली समस्या दूर हो जायेगी। इस मार्ग का संरेखण तैयार करते समय ध्यान रखा गया है कि मार्ग निर्माण में कम से कम वन भूमि प्रभावित हो तथा वृक्षों का पातन भी न्यूनतम हो। इस मार्ग के बन जाने से बनक्षेत्र में वन्य जीवों की सुरक्षा तथा ग्रीष्मकाल में अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवागमन से पैट्रोलिंग / गस्त करने में सुविधा होगी।

अतः समस्त ग्रामवासियों, जन प्रतिनिधियों एवं प्रभावित नाप भूमि के भू–स्वामियों की सहमति के अनुरूप स्वीकृत संरेखण संख्या –1 के अनुसार प्रस्ताव गठित कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता | प्रभागीय वनाधिकारी |
| प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 | देहरादून वन प्रभाग |
| देहरादून | देहरादून | देहरादून |

(Stamps: सहायक अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 देहरादून। ; अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 ; प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून वन प्रभाग; dated 31/1/18)